# उन्नाव शुक्लागंज विकास प्राधिकरण की 50वीं बोर्ड बैठक दिनॉक 26.06.2015 का कार्यवृत्त एवं निर्णय

## उपस्थिति

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री महेश कुमार गुप्ता आई0ए0एस0 | आयुक्त, लखनऊ मण्डल, लखनऊ/अध्यक्ष, उन्नाव शुक्लागंज विकास प्राधिकरण। | अध्यक्ष |
| 2 | श्रीमती सौम्या अग्रवाल आई0ए0एस0 | जिलाधिकारी/उपाध्यक्ष, उन्नाव शुक्लागंज विकास प्राधिकरण, उन्नाव। | उपाध्यक्ष |
| 3 | श्री जी0 सी0 श्रीवास्तव | अपर निदेशक, कोषागार लखनऊ मण्डल, लखनऊ | सदस्य |
| 4 | श्री शेर सिंह | सहयुक्त नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, प्रतिनिधि, मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, लखनऊ। | सदस्य |
| 5 | श्री वी0 एस0 गंगवार | अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, उन्नाव, प्रतिनिधि, प्रबंध निदेशक, जल निगम, उ0 प्र0। | सदस्य |
| 6 | श्री टी0 बी0 सिंह | सहायक अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1 प्रतिनिधि मुख्य अभियन्ता (मध्य क्षेत्र) सार्वजनिक निर्माण विभाग, उ0 प्र0, लखनऊ। | सदस्य |
| 7 | श्री राम चन्द्र गुप्ता | अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद्, उन्नाव | सदस्य |
| 8 | श्री मनोज गुप्ता | अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद्, गंगाघाट। | सदस्य |
| 9 | श्री इस्माइल खान | नामित सदस्य | सदस्य |

बैठक हेतु कोरम पूर्ण है। उपजिलाधिकारी, सदर/ सचिव, उन्नाव-शुक्लागंज विकास प्राधिकरण, श्रीमती जसजीत कौर द्वारा आयुक्त/अध्यक्ष महोदय एवं सभी माननीय सदस्यो का स्वागत किया गया। तत्पश्चात् अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।

**बैठक में विचार हेतु प्रस्तुत एजेण्डा के विभिन्न मदों पर कार्यवाही एवं निर्णय निम्नानुसार है :-**

**मद संख्या 50.01 विगत 49वीं बोर्ड बैठक दिनॉक 19.09.2014 के कार्यवृत्त की पुष्टि**

प्रस्ताव पर सभी सदस्यों की सहमति से विगत बोर्ड बैठक

दिनॉक 19.09.2014 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी ।

**मद संख्या 50.02 विगत 49वीं बोर्ड बैठक दिनॉक 19.09.2014 की कार्यवाही की अनुपालन आख्या**

प्राधिकरण की विगत 49वीं बोर्ड बैठक दिनॉक 19.09.2014 मे लिये गये निर्णयो/निर्देशो के क्रम में प्रस्तुत अनुपालन आख्या का बोर्ड द्वारा अवलोकन किया गया एवं निम्न बिन्दुओ पर निर्देश दिये गये :-

**मद सं0 50.02 (37.02 - ग) -**

**उन्नाव-शुक्लागंज विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र के अन्तर्गत स्थित शुक्लागंज मगरवारा इत्यादि क्षेत्रों को कानपुर विकास प्राधिकरण में सम्मिलित करने से उत्पन्न हुई विसंगतियों के सम्बन्ध में।**

बोर्ड द्वारा उन्नाव विकास क्षेत्र की प्रस्तावित महायोजना 2031 के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा-निर्देश मद सं0 50.04 पर है।

**मद सं0 49.08 -**

**निराला प्रेक्षागृह को जिला प्रशासन, शासकीय/अर्द्ध शासकीय, जनहित प्रयोजन, निजी प्रयोजन के साथ-साथ शादी समारोह हेतु किराये पर दिये हेतु किराये की दरो का पुर्ननिर्धारण किये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव पर विचार।**

बोर्ड द्वारा सहायक नगर नियोजक को निर्देशित किया गया कि दिनॉक 31.07.2015 तक निराला प्रेक्षागृह का प्लान बनाकर फायर आदि विभाग की अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर प्रेक्षागृह को शादी समारोह हेतु किराये पर दिये जाने का अनुमोदन बोर्ड से शीघ्र प्राप्त किया जाये।

**मद सं0 49.09 -**

**उन्नाव नगर में अवस्थापना निधि से प्रस्तावित विकास कार्य कराये जाने के सम्बन्ध में।**

उन्नाव शहर के विकास हेतु पूर्व बोर्ड बैठक में स्वीकृत **₹ 43. 03 लाख** के कार्य पूर्ण करने में हुये विलम्ब पर अप्रसन्नता व्यक्त की,

एवं दिनॉक 31.07.2015 तक समस्त कार्य पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये।

**मद संख्या 50.03 वित्तीय वर्ष 2015-16 के बजट का अनुमोदन**

बोर्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2015-16 हेतु प्रस्तुत बजट पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया। बोर्ड द्वारा विगत वित्तीय वर्षो में प्रस्तावित लक्ष्य के सापेक्ष आय कम होने के कारण पर चर्चा हुई जिसमें निराला नगर आवासीय योजना, द्वितीय चरण पर विकास प्राधिकरण के विरूद्ध मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के विरूद्ध मा0 सर्वोच्च न्यायालय में एस0 एल0 पी0 योजित होने तथा योजना का क्रियान्वयन न होंने से आवेदको से पंजीकरण के बाद की धनराशि आवेदको से प्राप्त न होने के फलस्वरूप प्रस्तावित आय के सापेक्ष उपलब्धि कम रही है।

सम्यक् विचारोपरान्त वर्ष 2015-16 हेतु कुल आय **₹ 2565.00 लाख एवं कुल व्यय ₹ 2530.00 लाख** के प्रस्तावित बजट का अनुमोदन प्रदान किया गया।

**मद संख्या 50.04 उन्नाव-शुक्लागंज विकास क्षेत्र सीमा विस्तार के सम्बन्ध में**

बोर्ड द्वारा उन्नाव विकास क्षेत्र की प्रस्तावित महायोजना 2031 जो कि विगत कई वर्षो से लम्बित है, के संबंध में विचार-विमर्श किया गया कि उन्नाव शुक्लागंज विकास प्राधिकरण का क्षेत्र काफी संकुचित हो गया है।

गत बोर्ड बैठक एवं आवास विभाग के निर्देशो के क्रम में उपाध्यक्ष कानपुर विकास प्राधिकरण के साथ बैठक दिनॉक 09.02.2015 को की गयी। जिसमें उपाध्यक्ष, कानपुर विकास प्राधिकरण द्वारा पूर्व में स्थानांतरित 29 गॉवो मे से 03 ग्राम क्रमशः ख्वाजिगीपुर, मगरवारा व

नेतुआ को उन्नाव शुक्लागंज विकास क्षेत्र से संलग्न व निरन्तरता में होने के दृष्टिगत वापस करने पर पूर्ण सहमति व्यक्त की जा चुकी है, प्रस्तावित महायोजना 2031 तैयार करने हेतु अपेक्षित क्षेत्र की प्रतिपूर्ति होने की दृष्टिगत प्रस्तुत प्रस्ताव में तहसील सदर, जनपद उन्नाव के कुल 70 ग्रामो को इन क्षेत्रो में भविष्य में होने वाले विकास को देखते हुये सम्मिलित करते हुये पूर्व से विकास क्षेत्र के 31 ग्रामो के साथ निम्नानुसार तालिका के अनुसार कुल 104 ग्रामो को प्राधिकरण के विकास क्षेत्र में सम्मिलित किये जाने हेतु सहमति व्यक्त की गयी तथा बोर्ड द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रस्ताव तैयार कर शासन को प्रेषित किया जाये तथा व्यक्तिगत रूप से प्रयास कर शीघ्र गजट कराने तथा इसके उपरान्त महायोजना 2031 को अन्तिम रूप प्रदान किये जाने के निर्देश दिये गये।

**उन्नाव-शुक्लागंज महायोजना 2031 हेतु आपेक्षित विकास क्षेत्र में सम्मिलित होने वाले ग्रामो की सूची**

वर्तमान में उन्नाव शुक्लागंज विकास क्षेत्र में शेष 21 ग्रामो का विवरण

| क्र0स0 | ग्रामो के नाम | ग्रामो की संख्या | तहसील | जिला |
|---|---|---|---|---|
| 1 | शेखपुर | 21 | सदर | उन्नाव |
| 2 | अकरमपुर | | सदर | उन्नाव |
| 3 | गलगलहा | | सदर | उन्नाव |
| 4 | मसवासी | | सदर | उन्नाव |
| 5 | पोनी | | सदर | उन्नाव |
| 6 | महदेवना | | सदर | उन्नाव |
| 7 | सलेमपुर | | सदर | उन्नाव |
| 8 | चौरा | | सदर | उन्नाव |
| 9 | कतेहपुर | | सदर | उन्नाव |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 10 | बनकट | | सदर | उन्नाव |
| 11 | लोहार खेड़ा | | सदर | उन्नाव |
| 12 | सैयद अब्बासपुर | | सदर | उन्नाव |
| 13 | टीकर गढ़ी | | सदर | उन्नाव |
| 14 | झंझरी पीपर खेड़ा एहममाली | | सदर | उन्नाव |
| 15 | झंझरी पीपर खेड़ा गैर एहममाली | | सदर | उन्नाव |
| 16 | घौरी रोतापुर | | सदर | उन्नाव |
| 17 | हैबरपुर | | सदर | उन्नाव |
| 18 | सहजनी | | सदर | उन्नाव |
| 19 | फतेहपुर | | सदर | उन्नाव |
| 20 | करहल नारायणपुर | | सदर | उन्नाव |
| 21 | खैरहा गैर एहतमाली | | सदर | उन्नाव |
| वर्तमान में उन्नाव शुक्लागंज विकास क्षेत्र में आंशिक रूप से सम्मिलित 10 ग्रामो का विवरण | | | | |
| 1 | झंझरी | 10 | सदर | उन्नाव |
| 2 | गदनखेड़ा | | सदर | उन्नाव |
| 3 | सिंगरौसी | | सदर | उन्नाव |
| 4 | शेखपुर नरी | | सदर | उन्नाव |
| 5 | कडेर पतारी | | सदर | उन्नाव |
| 6 | कटरी पीपर खेड़ा | | सदर | उन्नाव |
| 7 | उन्नाव ग्रामीण | | सदर | उन्नाव |
| 8 | वाजिदपुर | | सदर | उन्नाव |
| 9 | बन्थर | | सदर | उन्नाव |
| 10 | मुर्तजानगर | | सदर | उन्नाव |
| हरदोई मार्ग व लखनऊ मार्ग के आस-पास स्थित सम्मिलित किये जाने वाले कुल 70 नये ग्रामो का विवरण | | | | |
| 1 | सोनिक | 70 | सदर | उन्नाव |
| 2 | अलगनगढ़ | | सदर | उन्नाव |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3 | पतारी | | सदर | उन्नाव |
| 4 | राजेपुर | | सदर | उन्नाव |
| 5 | थाना | | सदर | उन्नाव |
| 6 | अकबरपुर दबौली | | सदर | उन्नाव |
| 7 | पटियारा | | सदर | उन्नाव |
| 8 | भतॉवॉ | | सदर | उन्नाव |
| 9 | सिन्धूपुर | | सदर | उन्नाव |
| 10 | सुदेशा बहादुरपुर | | सदर | उन्नाव |
| 11 | मवैया | | सदर | उन्नाव |
| 12 | रामपुर खालसा | | सदर | उन्नाव |
| 13 | रूपऊ | | सदर | उन्नाव |
| 14 | शहजादपुर | | सदर | उन्नाव |
| 15 | दोस्तीनगर | | सदर | उन्नाव |
| 16 | सराय कटियान | | सदर | उन्नाव |
| 17 | ललऊपुर | | सदर | उन्नाव |
| 18 | कटरी मिर्जापुर | | सदर | उन्नाव |
| 19 | मिर्जापुर | | सदर | उन्नाव |
| 20 | कटरी रौतापुर | | सदर | उन्नाव |
| 21 | रौतापुर | | सदर | उन्नाव |
| 22 | भटपुरवा | | सदर | उन्नाव |
| 23 | हाजीपुर | | सदर | उन्नाव |
| 24 | बसधाना | | सदर | उन्नाव |
| 25 | कटरी बसधाना | | सदर | उन्नाव |
| 26 | अगेहरा | | सदर | उन्नाव |
| 27 | सिलौलीगढ़ी | | सदर | उन्नाव |
| 28 | कटरी रामपुर | | सदर | उन्नाव |
| 29 | रामपुर | | सदर | उन्नाव |
| 30 | अतरी | | सदर | उन्नाव |
| 31 | प्यारेपुर | | सदर | उन्नाव |
| 32 | सिहुरा | | सदर | उन्नाव |
| 33 | सुल्तानपुर ग्रान्ट | | सदर | उन्नाव |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 34 | अमलोना | | सदर | उन्नाव |
| 35 | सोथारा | | सदर | उन्नाव |
| 36 | परमनी | | सदर | उन्नाव |
| 37 | बहरौला | | सदर | उन्नाव |
| 38 | कटरी बहरौला | | सदर | उन्नाव |
| 39 | परियर | | सदर | उन्नाव |
| 40 | कटरी मरौदा मझवारा | | सदर | उन्नाव |
| 41 | कटरी परियर | | सदर | उन्नाव |
| 42 | कटरी मरौदा सचित | | सदर | उन्नाव |
| 43 | मरौदा सचित | | सदर | उन्नाव |
| 44 | कटरी स्लेमपुर बीठूर | | सदर | उन्नाव |
| 45 | मरौदा मझवारा | | सदर | उन्नाव |
| 46 | सैदापुर | | सदर | उन्नाव |
| 47 | करहाली | | सदर | उन्नाव |
| 48 | सदमपुर | | सदर | उन्नाव |
| 49 | मुबारकपुर | | सदर | उन्नाव |
| 50 | बिलारी गोजहा | | सदर | उन्नाव |
| 51 | मोमिनपुर | | सदर | उन्नाव |
| 52 | फैजपुर सदेरा | | सदर | उन्नाव |
| 53 | बुलन्दपुर | | सदर | उन्नाव |
| 54 | भदेवना | | सदर | उन्नाव |
| 55 | जगदीशपुर | | सदर | उन्नाव |
| 56 | ऐराभदियार | | सदर | उन्नाव |
| 57 | नगवा | | सदर | उन्नाव |
| 58 | कन्जौरा | | सदर | उन्नाव |
| 59 | दमगदी | | सदर | उन्नाव |
| 60 | इसुनिया | | सदर | उन्नाव |
| 61 | बंदाखेड़ा | | सदर | उन्नाव |
| 62 | रौकरना | | सदर | उन्नाव |
| 63 | तालिब नगर | | सदर | उन्नाव |
| 64 | बौनामऊ | | सदर | उन्नाव |
| 65 | पुरनशिफ पंसारी | | सदर | उन्नाव |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 66 | सोनगढ़ी | | सदर | उन्नाव |
| 67 | पवई | | सदर | उन्नाव |
| 68 | चन्दा | | सदर | उन्नाव |
| 69 | मुलुक उर्फ गदर | | सदर | उन्नाव |
| 70 | मझखोरिया | | सदर | उन्नाव |
| **कानपुर विकास प्राधिकरण द्वारा 03 ग्राम उन्नाव शुक्लागंज विकास प्राधिकरण को पुनः वापस किये जाने पर सहमति, का विवरण** | | | | |
| 1 | ख्वाजगीपुर | 3 | सदर | उन्नाव |
| 2 | मगरवारा | | सदर | उन्नाव |
| 3 | नेतुआ | | सदर | उन्नाव |
| **कुल ग्रामो की संख्या** | | **104** | | |

**मद संख्या 50.05 उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास (विकास शुल्क का निर्धारण, उद्ग्रहण एवं संग्रहण) नियमावली 2014 को अंगीकृत किये जाने के सम्बन्ध में।**

उ0 प्र0 शासन आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-3 की अधिसूचना सं0 1811/8-3-14-211विविध/13 दिनॉक 17 नवम्बर 2014 के द्वारा उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास (विकास शुल्क का निर्धारण, उद्ग्रहण एवं संग्रहण) नियमावली 2014 को लागू किये जाने हेतु मार्ग दर्शक सिद्धान्तो को उन्नाव शुक्लागंज विकास प्राधिकरण द्वारा यथावत् अंगीकृत किया गया।

**मद संख्या 50.06 पेट्रोल/डीजल रिटेल आउटलेट्स एवं एल0 पी0 जी0 स्टोरेज गोडाउन्स की स्थापना से सम्बन्धित मानकों में संशोधन तथा इस हेतु महायोजना /जोनल डेवल्पमेन्ट प्लान/ले-आउट प्लान के अन्तर्गत भूखण्ड चिन्हित करने हेतु दिशा-निर्देश को अंगीकृत किये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव।**

प्रदेश की प्रतिदिन बढ़ रही ऊर्जा की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु समस्त नागरिको को सुविधाजनक रूप से पेट्रोल/डीजल एवं एल0 पी0 जी0 की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित होना अपरिहार्य है, के क्रम में उ0 प्र0 शासन आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-3 के पत्रांक 432

/8-3-15-261विविध/11 दिनॉक 31 मार्च 2015 के द्वारा पेट्रोल/डीजल रिटेल आउटलेट्स एवं एल0 पी0 जी0 स्टोरेज गोडाउन्स की स्थापना से सम्बन्धित मानकों में संशोधन तथा इस हेतु महायोजना/जोनल डेवल्पमेन्ट प्लान/ले-आउट प्लान के अन्तर्गत भूखण्ड चिन्हित करने हेतु शासन से प्राप्त दिशा-निर्देशो को यथा संशोधित अंगीकृत किया गया।

**मद संख्या 50.07 अफोर्डेबल हाऊसिंग नीति के अधीन "समाज वादी आवासी योजना" के संचालन के संबंध में प्रस्ताव**

आवासीय इकाईयों की मॉग के दृष्टिगत शासन द्वारा दुर्बल आय वर्ग, अल्प आय वर्ग तथा मध्यम आय वर्ग की इकाईये की पूर्ति हेतु राज्य शहरी आवास एवं पर्यावास नीति-2014 घोषित की गई है। उ0 प्र0 शासन के आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-1 के पत्रांक 73/2965/आठ-1-15-34बैठक/14 दिनॉक 12.12.2014 द्वारा अफोर्डेबल हाउसिंग नीति के अधीन "समाजवादी आवास योजना" के लिए निर्धारित रणनीति को प्राधिकरण बोर्ड द्वारा यथा अंगीकृत किया गया।

**मद संख्या 50.08 <u>उन्नाव शुक्लागंज विकास प्राधिकरण मे कार्यरत् सहायक अभियन्ता//अवर अभियन्ता/चर्तुथ श्रेणी कर्मचारी (फील्ड कार्य हेतु) को वाहन भत्ता दिये जाने सम्बन्धी शासनादेश को अंगीकृत किये जाने के सम्बन्ध में।</u>**

उत्तर प्रदेश वेतन समिति (2008) की संस्तुतियों के अनुसार वाहन भत्ते की दरों का पुनरीक्षण वित्त विभाग के शासनादेश सं0 जी-2-408/दस- 2012-020-2012 वित्त (सामान्य) अनुभाग-2 दिनॉक 16 नवम्बर 2012 में उल्लिखित नई दरो के आधार पर वाहन भत्ता दिये जाने हेतु उक्त शासनादेश को अंगीकृत किया गया, निर्धारित दरें

निम्नानुसार है:-

| क्र0 स0 | वाहन का नाम | वाहन भत्ते की की पुनरीक्षित/ प्रस्तावित दरें (रूपये प्रतिमाह) |
|---|---|---|
| 1 | मोटरकार (जहॉ औसत स्थानीय यात्रा 400 कि0 मी0 प्रतिमाह से अधिक होती है) | 1600/- |
| 2 | मोटर साइकिल/स्कूटर | 700/- |
| 3 | मोपेड | 300/- |
| 4 | साइकिल | 100/- |

**मद संख्या 50.09 उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास (नगरीय विकास प्रभार का निर्धारण, उद्ग्रहण और संग्रहण) नियमावली 2014 को अंगीकृत किये जाने के सम्बन्ध में।**

उ0 प्र0 शासन आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-3 की अधिसूचना सं0 2122/8-3-14-211विविध/13 दिनॉक 17 नवम्बर 2014 के द्वारा उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास (नगरीय विकास प्रभार का निर्धारण, उद्ग्रहण और संग्रहण) नियमावली 2014 को अंगीकृत किया गया।

**मद संख्या 50.10 भूमि-अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 24(2) को अंगीकृत किये जाने के सम्बन्ध में।**

उ0 प्र0 शासन आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-3 के पत्र सं0 611/8-3-15-31विविध/14 दिनॉक 17 नवम्बर 2014 में प्रमुख सचिव, राजस्व अनुभाग-13 के पत्र सं0 1/2015/67/एक-13-2015-7क(85)14 दिनॉक 30 जनवरी 2015 के दिशा-निर्देशो का उल्लेख करते हुये नये भू-अर्जन सम्बन्धी अधिनियम ''भू-अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार 2013'' को जनवरी 2014 से लागू है, के दिशा-निर्देशो को अंगीकृत किया गया।

**मद संख्या 50.11 उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास (भू-उपयोग परिवर्तन शुल्क का निर्धारण, उद्ग्रहण और संग्रहण) नियमावली 2014 को अंगीकृत किये**

**जाने के सम्बन्ध में।**

उ0 प्र0 शासन आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-3 की अधिसूचना सं0 2281/8-3-14-194विविध/14 दिनॉक 11 दिसम्बर 2014 के द्वारा उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास (भू-उपयोग परिवर्तन शुल्क का निर्धारण, उद्ग्रहण एवं संग्रहण) नियमावली 2014 को प्राधिकरण बोर्ड द्वारा अंगीकृत किया गया।

मद संख्या 50.12 **नजूल भूमि को फ्री-होल्ड किये जाने की दरो एवं नीति में संशोधन किये जाने सम्बन्धी शासनादेश अंगीकृत किये जाने के सम्बन्ध में।**

प्राधिकरण बोर्ड में विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि नजूल भूमि का प्रबंधन उन्नाव शुक्लागंज विकास प्राधिकरण द्वारा नही किया जाता है, अतएवं प्रस्ताव निरस्त किया गया।

मद संख्या 50.13 **राज्य शहरी आवास एवं पर्यावास नीति-2014 के क्रम में नए विकास में मिश्रित उपयोग तथा 'ट्रान्जिट ओरिएन्टड डेवल्पमेन्ट' (टी0ओ0डी0) के लिए जोनिंग रेगुलेशन्स 'प्लानिंग नॉर्म्स' एवं भवन उपविधि को अंगीकृत किये जाने के सम्बन्ध में।**

राज्य शहरी आवास एवं पर्यावास नीति-2014 में नियोजित एवं सुस्थिर शहरों के विकास हेतु प्राविधानित रणनीति के अन्तर्गत नए विकास में मिश्रित उपयोग की अनुमति तथा "मास रैपिड ट्रान्जिट सिस्टम" (एम. आर.टी.एस.) कॉरीडोर्स के साथ 'ट्रान्जिट ओरएन्टेड डवेल्पमेन्ट' (टी.ओ. डी) को प्रोत्साहित किए जाने की व्यवस्था है। इस सम्बन्ध में आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-3 के पत्र सं0 03/8-3-15-198विविध/14 दिनॉक 04 मार्च 2015 के द्वारा नये विकास में मिश्रित उपयोग तथा 'ट्रान्जिट ओरएन्टेड डवेल्पमेन्ट' (टी.ओ.डी) के जोनिंग रेगुलेशन्स, प्लानिंग नॉर्म्स एवं भवन उपविधि का निर्धारण किया गया है, जिसे प्राधिकरण बोर्ड द्वारा अंगीकृत किया गया।

मद संख्या 50.14 **उ0 प्र0 सेवाकाल में मृत सरकारी सेवको के आश्रितों की भर्ती (ग्यारहवां संशोधन) नियमावली, 1974 (यथासंशोधन) सरकारी गजट दिनॉक 22.01. 2014 को अंगीकृत किये जाने के सम्बन्ध में।**

उ0 प्र0 शासन आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-5 के

पत्रांक 42/आठ-5-15-7विविध/2015 दिनॉक 08 जनवरी 2015 के द्वारा उ0 प्र0 सेवाकाल में मृत सरकारी सेवको के आश्रितों की भर्ती नियमावली, 1974 (यथासंशोधन) को अंगीकृत किया जाना है, तद्क्रम में उ0 प्र0 शासन कार्मिक अनुभाग-2 संख्या-6/12/73/का-2टी.सी. लखनऊ दिनॉक 22 जनवरी 2014 को यथा संशोधित अंगीकृत किया गया।

**मद संख्या 50.15 प्राधिकरण कार्यालय हेतु एक नया वाहन (SUV) क्रय किये जाने के सम्बन्ध में।**

प्राधिकरण के बोर्ड द्वारा विचार-विमर्श के उपरान्त एक नया वाहन (SUV) क्रय किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया।

अन्त में आयुक्त/अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों को धन्यवाद प्रस्ताव के साथ बैठक समाप्त की गयी।

(जसजीत कौर)
उपजिलाधिकारी, सदर/सचिव
उन्नाव शुक्लागंज विकास प्राधिकरण,
उन्नाव

(सौम्या अग्रवाल)
जिलाधिकारी/उपाध्यक्ष
उन्नाव शुक्लागंज विकास प्राधिकरण,
उन्नाव

**अनुमोदित।**

30.6.11

(महेश कुमार गुप्ता)
आयुक्त, लखनऊ मण्डल/अध्यक्ष
उन्नाव शुक्लागंज विकास प्राधिकरण,
उन्नाव